## खबर संक्षेप

### तुमगांव में शीतला नवमंदिर निर्माण के लिए भक्तजनों में बड़ा उत्साह

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव की आराध्य देवी मां शीतला का विशाल मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ है। जिसमें नगर के सभी भक्तगणों खुले मन से मंदिर निर्माण के लिए अपना सहयोग दे रहे हैं। नवविकास शीतला समिति द्वारा नगर के प्रमुख और सभी घरों में जाकर सहयोग मांगने अभियान चलाया जा रहा है। कई भक्तगण मंदिर निर्माण में अपनी ओर से मंदिर का कालम, गिट्टी, रेती, छड़, सीमेंट, ईट श्रम दान आदि का सहयोग कर रहे हैं।

### झलप में तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

**झलप।** गणेश ज्वेलर्स झलप पटेवा एवं मारवाड़ी युवा मंच झलप द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झलप में 12, 13 व 14 दिसंबर को किया जाएगा। समिति के सदस्य सुलभ अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जरूरतमंद व्यक्ति को आवश्यकतानुसार बैसाखी एवं स्टिक निशुल्क प्रदान किया जाएगा, मारवाड़ी युवा मंच झलप के द्वारा हर साल मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाता है।

### पदोन्नति पर किया सम्मान

**महासमुंद।** हेमेंद्र आचार्य को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आदर्श बालक (हिंदी माध्यम) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिली है। उनकी पदोन्नति पर संकुल बृजराज परिवार ने हर्ष जताते हुए सम्मान किया गया। इसमें संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर, प्रधानपाठक उमेश गिरी गोस्वामी, भगोली राम साहू, धारिता चंद्राकर, गोमती साहू, कामनी चंद्राकर, गायत्री आदि मौजूद रहे।

### गरिमा गृह में बांटे गर्म कपड़े

**रायपुर।** प्रमा फाउंडेशन द्वारा सरोना स्थित गरिमा गृह में तृतीय लिंग समुदाय के साथियों के साथ सशक्तिकरण एवं सहायता के लिए एक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर ठंड के मद्देनजर सभी उपस्थित साथियों को गरम कपड़े (जैकेट) वितरित किए गए, जिसने उनके चेहरे पर प्रसन्नता और जोश का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सचिव राजकुमार मिश्रा ने बताया प्रमा फाउंडेशन की टीम के सदस्यों ने सभी साथियों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं और चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में संस्था की ओर से मनीष धुरंधर, गुंजन सिंह, केशव पटनायक, भूपेंद्र नायक, दीपेश मिश्रा, टी दीपा, पंकज साहू, दिलीप गुप्ता, धर्मेंद्र चौरसिया, अमित शेखर,इंदु साहू और अयान सिंह शामिल हुए।

### मारुति मंगलम भवन में श्रीमद भागवत कथा 22 से

**रायपुर।** गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में सात दिवसीय 22 से 29 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राठोड़ परिवार द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी प्रकाश राठोड़ और सूर्यकांत राठोड़ ने देते हुए बताया कि इस श्रीमद भागवत कथा के कथावाचक चैतन्यधाम शापुर, जुनागढ़ गुजरात के मनोजभाई भट्ट होंगे और कल्याणकारी कथामृत का रसपान कराएंगे। उन्होंने बताया कि कथा शुरू होने से पहले 22 को पोथी यात्रा निकाला जाएगी। दूसरे दिन 23 को सुकदेव परिक्षित मिलन, 24 को नरसिंह प्रागटय, 25 को वामनावतार, 26 को अन्नकुट दर्शन, 27 को रुकमणी विवाह, 28 को सुदामा चरित्र कथा सुनाया जाएगा।

### नए श्रम कानूनः मजदूरों के मौलिक अधिकारों का हनन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक़ ने केंद्र सरकार द्वारा नए श्रम कानून में बदलाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि इस कानून से श्रमिकों के मौलिक अधिकारों का हनन होगा और मजदूरों के छटनी पर सरकार का नियंत्रण नहीं रहेगा। नए श्रम कानून की प्रमुख समस्या है जिसमें छटनी की अनुमतिः नए कानून में 300 से कम कर्मचारी वाली कंपनियों को छटनी के लिए सरकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी।

# गलत आर्थिक नीतियों और वित्तीय कुप्रबंध के कारण रुपया तेजी से कमजोर: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

डॉलर के मुकाबले रुपए की लगातार गिरावट, मुद्रास्फीति और अर्थव्यवस्था की बदहाली के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए महासमुंद कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि गलत आर्थिक नीतियों और वित्तीय कुप्रबंध के कारण ही रुपया तेजी से कमजोर हो रहा है, यह सरकार हर मोर्चे पर असफल हो चुकी है। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया लगातार टूट रहा है, चालू वर्ष 2025 में ही 5.26 प्रतिशत की गिरावट आ चुका है, 1 जनवरी को 85.70 था, अब 90 के आसपास है। अवमूल्यन के मामले में एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा में शामिल हो गया है, लेकिन मोदी सरकार ठोस उपाय के बजाय कुतर्क कर रही है।



जनवरी 2014 में एक डॉलर 65 रुपए का था, जो अब 90 पहुंच गया है, अर्थात मोदी राज के 11 साल में डॉलर के मुकाबले रुपया 45 प्रतिशत टूट चुका है, आर्थिक नाकामी का डंका बज रहा है। विदेशी निवेशकों का भरोसा कम हो रहा है, व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। तेल, कच्चा माल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी के आयात में अधिक कीमत चुकाना पड़ रहा है।

मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन, व्यापार असंतुलन अर्थात निर्यात में कमी, आयात पर अधिक निर्भरता और अस्थिर पूंजी प्रवाह रुपए के कारण ही रुपया तेजी से कमजोर हो रहा है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था संभालने के मामले में भाजपा की सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। घरेलू बचत ऐतिहासिक तौर पर न्यूनतम स्तर पर आ चुकी है, देश पर कुल कर्ज का भार 2014 की तुलना में तीन गुना बढ़ चुका है, चंद पूंजीपति मित्रों की आय तेजी से बढ़ रही है, देश के संसाधन केवल उन्हीं पर लुटाया जा रहा है, 80 करोड़ आम जनता को गरीबी रेखा से नीचे लाकर 5 किलो राशन की लाइन में खड़ा कर दिया गया है।

असमानता बढ़ रहा है, पूंजीपतियों के एनपीए बढ़ रहे, उनके कर्ज माफ कर रही है सरकार पिछले 5 वर्षों में ही अमीरों के 6 लाख 15 हजार करोड़ माफ किए गए, जनता बेरोजगारी और महंगाई से मर रही है। लेकिन, यह सरकार कॉर्पोरेट परस्त नीतियों से बाहर ही नहीं आ पा रही है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने में यह सरकार नाकाम हो चुकी है। मोदी सरकार में वित्तीय अस्थिरता तेजी से बढ़ी है, जिसका कोई ठोस समाधान सरकार के पास नहीं है, इसी वित्तीय वर्ष में चौथी बार रेपो रेट घटाने इस सरकार की लाचारी को प्रमाणित करता है। बार-बार रेपो रेट घटाने से बचतकर्ताओं को बेहद नुकसान है, खासतौर पर महिलाओं और बुजुर्गों के आय का प्रमुख साधन सावधि जमा (एफडी) और अन्य बचत पर मिलने वाला ब्याज ही है जिसमें कटौती से उनके समक्ष जीवन यापन की समस्या आएगी। रेपो रेट घटाने से महंगाई और बाहरी क्षेत्र से जुड़े जोखिम और बढ़ेंगे, शेयर बाजार और बॉन्ड बाजार अस्थिर होता है।

## कसेकेरा स्कूल में वीर नारायण सिंह जयंती पर श्रद्धांजलि सभा



**बोइरगांव (कोमाखान)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर नारायण सिंह की जयंती गरिमामय ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बीहड़ जंगलों से घिरे सोनाखान में बिंझवार जमींदार राम राय के घर 1795 में जन्मे वीर नारायण सिंह ने गरीबों और किसानों के अधिकार के लिए ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि गरीबों की भूख मिटाने के लिए उन्होंने बिचौलियों के गोदामों से अनाज निकालकर जरूरतमंदों में बांटा, जिसके कारण उन्हें पकड़कर रायपुर सेंट्रल जेल में रखा गया। तत्पश्चात 10 दिसंबर 1857 को रायपुर के जयस्तंभ चौक में ब्रिटिश शासन ने उन्हें फांसी दे दी। उनका बलिदान आज भी छत्तीसगढ़ की जनता के हृदय में अमर है। विद्यालय के प्रधान पाठक डा. विजय शर्मा ने वीर नारायण सिंह को गरीबों का मसीहा, सच्चे देशभक्त, न्यायप्रिय एवं साहसी योद्धा बताते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शिक्षिका लक्ष्मी साहू ने बताया कि वीर नारायण सिंह की स्मृति में डाक टिकट, रायपुर के कमर्शियल कांप्लेक्स आरडीए, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, स्मारक, शासकीय इमारतें एवं जलाशय का नामकरण कर उन्हें सम्मानित किया गया है। अंत में शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

## सोसाइटी आंदोलन के लिए दंडित प्रबंधकों ने मांगी राहत
## विधानसभा अध्यक्ष से मिले, रमन ने दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की विभिन्न सहकारी सोसाइटियों के प्रबंधकों को हड़ताल पर जाने के कारण राज्य शासन ने निलंबित, बर्खास्त और एफआईआर दर्ज कराई थी। 19 दिन बाद हड़ताल वापस लेने के बाद कई जिलों में उन पर की गई कार्रवाई को शून्य करते हुए बहाली कर दी गई, लेकिन कई जिलों में अब तक उनकी बहाली नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश है। इन कर्मचारियों ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर हड़ताली कर्मचारी की बहाली कार्यवाही शून्य एवं वेतन भुगतान की मांग की। डॉ. रमन ने इन कर्मियों को भरोसा दिलाया कि मामले में मंत्री से बात करेंगे।



### 73 कर्मचारियों पर अलग-अलग कार्रवाई

आंदोलन 3 नवंबर से प्रारंभ होकर 19वें दिन चार सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए शासन प्रशासन से आश्वासन पर किसानों की धान खरीदी कार्यों को देखते हुए प्रदेश संगठन ने आंदोलन स्थगित कर दिया था। आंदोलन के दौरान प्रदेश के लगभग 73 प्रबंधक और कर्मचारियों पर बर्खास्तगी, निलंबन और एफआईआर कार्रवाई की गई थी।

## विधायक ने किया खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**महासमुंद।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बुधवार को ग्राम डूमरपाली स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही किसानों से भेंट मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने खरीदी केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों को धान खरीदी सुचारू रूप से चलाने के लिए निर्देशित किया।

## बिरकोनी में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



**महासमुंद।** गुरुवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम बिरकोनी में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें बिरकोनी में प्रस्तावित महतारी सदन के भूमिपूजन, अलग-अलग वार्डों में सीसी रोड एवं स्कूल के अहाता निर्माण कार्य का लोकार्पण कार्यक्रम हुआ।

## किसानों के दबाव में आधी समितियों में बढ़ी लिमिट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किसानों के लगातार प्रदर्शन एवं आंदोलन की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले की कई समितियों की लिमिट बढ़ाने आदेश कर दिया है। धान खरीदी की लिमिट आधी अधूरी समितियों में बढ़ाए जाने किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों को 70 प्रतिशत ऑफलाइन टोकन उपलब्ध कराने की मांग अभी भी पूरी नहीं किए जाने से किसान पुनः आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं।

■ जहां नहीं बढ़ी वहां के किसान आक्रोशित

लिमिट नहीं बढ़ने से ग्राम पथरी, सिलयारी के किसानों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। किसानों ने समिति प्रबंधक से चर्चा कर जानकारी ली, तो पता चला कि इन समितियों की लिमिट बढ़ाने मांग नहीं दी गई है। उन्होंने शाखा प्रबंधक ने पूछा कि सिलयारी शाखा की सभी समितियों की लिमिट बढ़ाने की मांग की गई थी, लेकिन केवल नगर गांव, कुथरेल रायता, कुकेरा, रायखेड़ा समिति की बढ़ाई गई हैं। सिलयारी, पथरी, मानधर, सारागांव, नीलजा, मढ़ी, बरतोरी, ख़ौना किरना, नीनवा धान खरीदी केंद्र की लिमिट नहीं बढ़ी। पथरी समिति किसानों ने बुधवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि सभी समितियों में धान खरीदी लिमिट बढ़ाई जाय। मांग करने वाले किसानों में अजय वर्मा, शेषनारायण बघेल, दीपक बघेल, गोवर्धन साहू, मनहरन ध्रुव, भूषण वर्मा सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## निगम की आर्थिक स्थिति सुधार के लिए नेता प्रतिपक्ष ने रखा उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की माली हालत खराब होने का हवाला देते हुए बुधवार को नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने महात्मा गांधी सदन में राष्ट्रपिता की मूर्ति के नीचे बैठकर उपवास किया। उन्होंने नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुधार करने की कामना करते हुए दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक एक दिवसीय उपवास रखा। इस दौरान बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम से कक्ष गूंजता रहा।

उपवास पर बैठे निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि रायपुर नगर निगम की वित्तीय स्थिति बदतर होते जा रही है। निगम अपने कर्मचारियों का वेतन और पेंशन समय पर देने की स्थिति में नहीं है। ट्रिपल इंजन की सरकार में बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर वस्तुस्थिति इसके उलट है। वार्डो में छोटे-छोटे विकास कार्यो के लिए पार्षदगण जोन दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। 50 हजार से लेकर 1 लाख तक विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। पिछले 6 महीने से संधारण मद का एक पैसा भी जोनों तक नहीं पहुंचा है। जिसके कारण पार्षदों को छोटे-



छोटे कार्यो के लिए जूझना पड़ रहा है। मुद्रण शुल्क के रूप में 80 करोड़ रुपए रायपुर नगर निगम को अब तक नहीं मिल पाया है।

उपवास में पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे, प्रदेश कांग्रेस सचिव शिव सिंह ठाकुर, पार्षद जयश्री नायक, शेख मुशीर और बब्बी सोनकर उपस्थित रहे।

## भूमाफिया की नजर लालपुर तालाब की जमीन पर, निवासियों ने किया प्रदर्शन
## राजेंद्र नगर थाने में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लालपुर के निस्तारी शीतला तालाब को निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज कर भ्रष्टाचार एवं मनमानी करने से वहां के रहवासी बेहद नाराज हैं। नाराज रहवासियों ने बुधवार को राजस्व त्रुटि सुधार करने की मांग को लेकर कांग्रेसी नेता पंकज शर्मा और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन के साथ कलेक्टर को ज्ञापन दिया। इससे पहले रहवासियों ने राजेंद्र नगर थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तालाब को बेचने नहीं देंगे के पोस्टर भी थे।



लालपुर के निवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उन्हें आश्वत करते हुये कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा ने बताया कि लालपुर स्थित शीतला तालाब की कैफियत कॉलम में वर्ष 1925-26 से 2000-2001 तक तालाब तथा तालाब पार दर्ज है। वर्ष 2002-03 में त्रुटिवश उक्त तालाब को राजस्व अभिलेखों में निजी व्यक्ति की कृषि भूमि के नाम पर दर्ज कर दिया गया है। उक्त तालाब वार्डवासियों के आम निस्तारी का साधन है तथा शीतला मंदिर भी इसी तालाब से जुड़ा हुआ है। वार्डवासी शीतला माता मंदिर में पूजा-पाठ के साथ-साथ तालाब का संरक्षण एवं देखभाल भी कर रहें है। यह एक आस्था से जुड़ा हुआ मामला है।

राजस्व अभिलेखों में निजी व्यक्ति का नाम दर्ज होने पर उनके द्वारा अनाधिकृत रूप से स्थानीय निवासियों पर दबाव बनाकर बलपूर्वक कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जिसके कारण स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। इसी मामले को लेकर लालपुर निवासियों के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

### तालाब के अस्तित्व को बचाने के लिये मिलकर करेंगे संघर्ष

स्थानीय लोगो का कहना है कि शीतला तालाब को मिलीभगत कर भू-माफियाओं के द्वारा ग्रामवासियों से छल-कपट कर व्यक्तिगत नाम से राजस्व अभिलेखों दर्ज करा लिया गया है। तालाब के अस्तित्व को बचाने के लिये मिलकर संघर्ष करेंगे। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, कृपाराम साहू, मनोज साहू, बलीराम साहू, तीरथ यादव, सुरेश धीवर, बंशी सागरवंशी, मुकेश साहू, तीरथ साहू, धीरज जैन, मोनू साहू, हरिचंद साहू, दयाराम यादव, लीलाधर साहू, केशव साहू, लकेश्वर साहू हिम्मत साहू, विजय साहू, नेतराम साहू, तुलसी साहू, अयोध्या साहू, जितेन्द्र साहू, भुनेश्वर कुमार, टीकाराम साहू, धनीराम साहू उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### सघन कुष्ठ जांच खोज अभियान का आगाज

**सरायपाली**। छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद डॉ आई नागेश्वर राव, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉक्टर वीपी सिंह व डीपीएम नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड में 8 दिसंबर से 31 दिसंबर 25 तक कुष्ठ सर्वे दल द्वारा घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। शंकास्पद मरीज का सत्यापन निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर किया जाएगा। कुष्ठ रोग एक साध्य रोग है, जो कि एमडीटी दवाई खाने से पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है। लोगों में जागरूकता का ही परिणाम है कि अब कुष्ठ रोगी से भेदभाव नहीं किया जाता है। पुराने जमाने में कुष्ठ रोगी को गांव से निकाल दिया जाता था। स्वास्थ्य विभाग आम नागरिकों से अपील की है कि यदि आपके शरीर में लाल तेलिया चकता निशान, दाग या धब्बे हो तो सर्वे दल को अवश्य बताएं, कुष्ठ रोग को छिपाने से शरीर में विकृति आ जाती है, जिसे रोकने व कुष्ठ रोग को उन्मुलित करने के लिए ही समय पर जांच व इलाज की घर पहुंच सेवा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। आप सभी स्वयं भी जागरूक हो और आसपास के दूसरे लोगों को भी जागरूक कर इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।



### सत संकल्प पाठ के लिए किया जा रहा प्रेरित

**महासमुंद**। गायत्री परिवार ट्रस्ट, गायत्री परिवार महासमुंद द्वारा विभिन्न इकाइयों, पंचायत एवं विद्यालयों में संपर्क कर परिवार एवं समाज निर्माण के लिए सत संकल्प पाठ के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरकेल, झलप, कछारडीह, तुरगा, के विद्यालयों एवं पंचायत से संपर्क किया गया एवं विद्यालयों में बच्चों को प्रार्थना स्थल पर सत्संकल्प पाठ करवाने का निवेदन किया गया। साथ ही ग्राम पंचायतों में भी आमसभा व पंचायत बैठक में भी इस संकल्प का वाचन करने का निवेदन सरपंच एवं पंचों को किया गया। सभी विद्यालयों तथा पंचायत में सत संकल्प पाठ के लिए चार्ट वितरण किया गया। शक्तिपीठ महासमुंद से ललित मेश्राम, हीरालाल साहू, रिखी राम साहू, परस चौहान, विश्राम साहू, जगमोहन साहू, भारत साहू, नरेश साहू एवं अन्य वरिष्ठों द्वारा गांव-गांव संपर्क किया जा रहा है। अभी तक पचेड़ा, खम्हरिया, मोरधा, खट्टी, तुमगांव, मचेवा, लाफिंनखुर्द, गढ़सिवनी, अछोला आदि गावों में संपर्क किया जा चुका है।

### रिसेकला धान उपार्जन केंद्र में किसानों से हुए रूबरू

# कलेक्टर लगातार कर रहे धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा धान खरीदी उपार्जन केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर धान उपार्जन की स्थिति, केंद्र में किए जा रहे व्यवस्थाओं, तौल प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सरायपाली विकासखंड अंतर्गत रिसेकला धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू तथा एसडीएम अनुपमा आनंद, नोडल अधिकारी एवं समिति प्रबंधक उपस्थित थे।



कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, सुव्यवस्थित और समयबद्ध होनी चाहिए। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने उपार्जन केंद्र में रखे धान के स्टॉक, तौल-कांटा, बारदानों की उपलब्धता, टैगिंग व्यवस्था और परिवहन प्रक्रिया की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित किसानों के धान की तौलाई कराते हुए समिति प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलाई 40 किलो 700 ग्राम निर्धारित मानक के अनुसार ही हो। निर्धारित मात्रा से अधिक तौल पाए जाने पर संबंधित समिति प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान केंद्र के प्रभारी एवं कर्मचारियों को उपार्जन कार्य को और अधिक सुचारू बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# सतनाम संदेश यात्रा में शामिल होने मंत्री गुरु खुशवंत को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

13 दिसंबर को सतनामी समाज द्वारा निकाली जा रही सतनाम संदेश यात्रा एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित करने केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से समाज के प्रतिनिधि मंडल ने उनके सरकारी बंगले में जाकर मुलाकात किया। जिसमें गुरु खुशवंत साहेब ने शाम को 4 बजे सम्मान समारोह में आने की आश्वासन दिया है।



सतनाम संदेश यात्रा 13 दिसंबर शनिवार को नगर के हृदय स्थल गुरु घासीदास वार्ड के जैतखाम से 12 बजे आरती वंदन कर लोहिया चौक से मुख्य मार्ग बस स्टैंड दादा बाड़ा से अंबेडकर चौक पहुंचेगी। जहां बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नेहरू चौक, बरोंडा चौक होते हुए तीन बजे शंकराचार्य भवन में समापन होगी। जहां तीन बजे से दसवीं बारहवीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के साथ महिला समूह व समाज के सात रत्नों का सम्मान प्रदेश पदाधिकारियों व समाज के प्रशासनिक अधिकारियों के हाथों से किया जाएगा। सतनाम संदेश यात्रा में मुंगेली व बाहनाकाड़ी के अखाड़ा दल द्वारा शौर्य प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण होगी तथा अलग अलग जगह के पांच पंथी दल व आरंग के धुमाल पार्टी के साथ निकलेगी। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे व ब्लॉक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती ने समाज के लोगों को सतनाम संदेश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में श्वेत वस्त्र धारण कर शामिल होने की अपील की है।

## शहादत दिवस कार्यक्रम में पूर्व सीएम के साथ मोक्ष हुए शामिल



**बसना**। ग्राम जम्हर में अमर शहीद वीर नारायण सिंह बिंझवार की शहादत दिवस एवं मूर्ति स्थापना समारोह हुआ। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बघेल ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बलिदान को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। प्रधान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का यहां आना पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने ग्रामीणों से जुड़े मुद्दों और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए बघेल का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुनील भोई, संतोष पटेल, प्रशांत पंडा, विनोद मेहेर, सुरेश पटेल, अश्विनी प्रधान, बसंत प्रधान एवं ऋतिक साहू भी उपस्थित रहे।



## काली मंदिर परिसर में लगेगा शेड, नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**महासमुंद**। स्थानीय वार्ड 11 दलदली रोड स्थित मां काली मंदिर परिसर में शेड निर्माण के लिए आज नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद ओमीन टोमन कागजी के साथ भूमिपूजन किया। इस दौरान अन्य पार्षद व नपा के सभापति गण प्रमुख रूप से मौजूद थे। साहू ने कहा कि संयुक्त प्रयास से ही नगर तथा नगर स्थित आस्था केंद्रों का कायाकल्प हो सकता है। माता काली की मंदिर में शेड लगने से नवरात्र के दोनों पर्वों तथा प्रतिदिन पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं को धूप बरसात से निजात मिलेगी। इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भी विश्राम करने स्थान मिलेगा।

इस अवसर प्रमुख रूप से सभापति सूरज नायक, ज्योति रिंकू चंद्राकर, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद मुस्ताक खान, हाफिज कुरैशी विधायक प्रतिनिधि, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी सहित वार्डवासी पुनीत राम साहू, हरेंद्र लाल मिरी, सुरजौती, कुमारी टांडे, टिकेश्वरी सोनवानी, जागेश्वरी, जानकी चौहान, लक्ष्मी डहरिया ठाकुर, मनटोरा बघेल, शिवरात्रि बघेल, मनीष यादव, मीना प्रजापति आदि उपस्थित थे

## पैकिन स्कूल में एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन

### छात्रों के लिए विविध प्रतियोगिता भी आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय उमावि पैकिन में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर पर तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा एक दिवशीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन रहे। अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य सुशील कुमार पटेल ने की। वंदना दीपक देवांगन द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मानवीय अधिकारों के बारे में जानकारी, नशा मुक्ति के बारे में एवं नशा से होने वाले दुष्परिणाम, पास्को एक्ट, विभिन्न कानूनों के बारे में अवगत कराया, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर के अंतर्गत जागरुकता रैली के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के बच्चों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम तुषा पटेल, मेदनी पटेल, मुस्कान साहू, द्वितीय जय पटेल, कल्याणी बेहरा, खिराद्री साव, तृतीय दोहिता भोई, सिया मलिक, शीतल प्रधान कुसुम प्रधान, लतिका प्रधान रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हिमेश भोई, द्वितीय स्थान पर प्रेम कुमार, तृतीय स्थान पर योगिता बरिहा रही। इन सभी प्रतिभागियों को तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा प्रदान पुरस्कार के रूप ट्राफी प्रदान की गई।

# जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन के मंशानुरूप महासमुंद जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य अनवरत जारी है। जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों पर किसान सुबह से ही अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। अब तक हजारों किसानों ने अपना धान बेचकर राहत की सांस ली है।

इसी क्रम में ग्राम धनसुली के किसान सेवाराम तारक ने भी अपनी उपज बेची है। सेवाराम के पास कुल 2 एकड़ खेती है। इस बार उन्होंने 40 क्विंटल धान की बिक्री की है। उन्होंने ऑफलाइन टोकन बनवाकर धान उपार्जन केंद्र में जमा किया। सेवाराम तारक ने बताया कि इस बार बारिश अच्छी हुई थी, इसलिए उत्पादन ठीक-ठाक रहा। टोकन ऑफलाइन बनवाना पड़ा। क्योंकि,



ऑनलाइन स्लॉट नहीं मिल रहा था, लेकिन केंद्र पर कोई परेशानी नहीं हुई, समय पर धान बिक गया। जिले में धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से चल रही है। धान खरीदी 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित मात्रा में ही धान लेकर आएं तथा आधार लिंक मोबाइल नंबर साथ रखें। ताकि, भुगतान में देरी न हो। जिले में धान उपार्जन का यह सिलसिला किसानों के लिए राहत की खेप बनकर आया है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई रौनक ला रहा है। किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए सभी केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है। धान खरीदी की व्यवस्था पर निगरानी के लिए सभी केंद्रों में अधिकारी तैनात किए गए हैं। राज्य स्तर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और जिला स्तर के अधिकारी लगातार दौरा कर धान खरीदी एवं केंद्रों की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

## जर्जर भवन का ध्वस्त कर नवनिर्माण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

वार्ड क्रमांक 11-12 बाजारपारा बागबाहरा में स्थित दुर्गा भवन को ध्वस्त करवाने एवं नया भवन निर्माण करवाने के लिए वार्डवासियों ने नगर पालिका पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल को ज्ञापन सौप। वार्ड क्रमांक 11-12 बाजारपारा मोहल्लेवासियों ने बताया कि बाजारपारा में विगत 52 वर्षों से हर वर्ष भादोमाह में गणेश एवं कुंवारमाह में नवरात्रि व दीपावली पर गौरी गौरा तथा अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते है। जिस भवन में माता रानी विराजित होती है, वो पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका है तथा कभी भी गिर सकता है। भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो, इसलिए भवन को ध्वस्त करवाना एवं नया भवन निर्माण करवाना अति आवश्यक हो गया है।

जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी व इंजीनियर को तत्काल निरीक्षण कर भवन निर्माण करने के लिए निर्देशित किया।

## डाइट में ब्लूप्रिंट एवं प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी व्याख्याताओं का विषयवार प्रश्न पत्र निर्माण एवं ब्लूप्रिंट कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य अरुण प्रधान एवं प्रशिक्षण प्रभारी उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर व्याख्याताओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि ब्लूप्रिंट निर्माण बच्चों के लिए खाका, योजना व डिजाइन होता है। जिसमें बच्चों का उचित मार्गदर्शन दिया जाकर बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा ने कहा कि प्रश्न पत्र निर्माण एवं ब्लू प्रिंट विद्यार्थियों के लिये रोडमेप प्रदान करता है। संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता टेकराम सेन ने कहा कि बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए यह कार्यशाला एक सशक्त माध्यम हो सकता है।

उन्होंने कहा कि घर बनाने के लिए अच्छा नक्शा और ले आऊट की आवश्यकता होती है वैसे ही ब्लू प्रिंट बेहतर परिणाम के लिये आवश्यक है।

### 44 व्याख्यातागण हुए शामिल

इस अवसर पर विज्ञान विषय के विषय समन्वयक किरण कन्नौजे सामाजिक विज्ञान विषय के विषय समन्वयक संतोष साहू ने कहा कि शैक्षिक ब्लूप्रिंट यह सुनिश्चित करता है कि परीक्षा छात्रों की क्षमताओं और सीखने के अनुरुप होना चाहिए। इस अवसर पर सहायक प्राध्यारक सुलमा द्विवेदी विषय विशेषज्ञ विवेक वर्मा भौतिकी, देवेंद्र साहू गणित, नंद कुमार चौधरी रसायन, सुखेन द्विवेदी संस्कृत/हिंदी, अंशुमन तांडी सामाजिक विज्ञान उपस्थित थे। प्रशिक्षण प्रभारी उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा ने बताया कि विज्ञान एवं कला संकाय से कुल 44 व्याख्यातागण कार्यशाला में शामिल हुए हैं। उक्त जानकारी संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता टेकराम सेन ने दी है।

# नित्य योग की रजत जयंती मनाई, फिर जुड़े ऋषिकेश के स्वामी शिवानंद आश्रम से

**महासमुंद**। योग से स्वास्थ्य ठीक करने को शहर में योग निरंतर सिंधु भवन से सन 2000 से शुरूआत हुई थी। भवन के अभाव में योग को स्वाध्याय केंद्र, मानस भवन, कांग्रेस भवन, संजय कानन, केमिस्ट भवन, राम मंदिर फिर 2013 से अपने खुद के योगभवन में निरंतर जारी है। 25 वर्ष पूर्ण होने पर योगभवन महासमुंद में 25वीं वर्षगांठ पर 12 दिसंबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से भजन कीर्तन एवं



12 बजे से भोजन प्रसाद का आयोजन किया गया है। महासमुंद में योग की शुरुआत चोइथराम राजपाल परमानंद, बजाज दौलत राम चंद्राकर ने की। तारेंद्र चंद्राकर नियमित रूप से योग सिखाते हैं, निरंतर योग लंबे समय तक चलता रहा। योग के साथ धर्म अध्यात्म की गतिविधि को भी शामिल किया गया। फिर दिव्य जीवन संघ का गठन कर उनके बैनर तले ऋषिकेश के स्वामी शिवानंद के आश्रम से संबंध हो गए। धीरे धीरे शहर के लोग जुड़ते गए।

डोंगरगढ़ आश्रम से स्वामी विद्यानंद सरस्वती द्वारा लगातार अपने स्वामी शिवानंद आश्रम में आकर प्रशिक्षण देते रहते हैं।

## कुदारीबाहरा में पशुधन विभाग का टीकाकरण एवं उपचार शिविर लगा

**महासमुंद**। विकासखंड बसना के ग्राम कुदारीबाहरा में पशुधन विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को बेहतर पशु-चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए टीकाकरण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने अपने मवेशियों के साथ पहुंचकर सेवाओं का लाभ लिया।



शिविर के दौरान कुल 26 बड़े पशुओं तथा 45 भेड़-बकरियों का उपचार किया गया। साथ ही 65 पशुओं में जू-किलनी नाशक दवा पिलाई गई, जिससे मौसमी परजीवी संक्रमणों से राहत मिल सके। पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के मद्देनजर 22 पशुओं में कृमिनाशक दवा का सेवन कराया गया। पशुधन बढ़ोतरी और पशु प्रजनन की गुणवत्ता सुधार के लिए विशेषज्ञ टीम द्वारा गर्भाधान संबंधी उपचार भी प्रदान किया गया। साथ ही 7 पशुओं का गर्भ परीक्षण कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति का मूल्यांकन किया गया। शिविर के आयोजन से ग्राम के पशुपालकों में उत्साह देखा गया और विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाने की मांग भी की गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के पशुओं को समय पर चिकित्सा एवं टीकाकरण की सुविधा मिलती रहे।

## इमलीभाठा में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी

### 31 दिसंबर को होगा भव्य भक्तिमय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इमलीभाठा महासमुंद राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति द्वारा 31 दिसंबर 2025 को राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा द्वितीय वर्षगांठ पर भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति की ओर से सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने बताया कि इस अवसर पर सुबह से रात्रि तक विविध धार्मिक आयोजन का निर्णय लिया जा रहा है। तत्संबंध में प्रथम बैठक गत दिनों आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम हिंदू तिथि के अनुसार 31 दिसंबर को आयोजित होगा। आयोजन के लिए धनराशि संग्रह के लिये कमेटी बनाने के निर्णय के साथ 12 बजे पूजन एवं सभी श्रद्धालुओं के लिये भोजन प्रसादी देने पर चर्चा हुई एवं रानी लक्ष्मीबाई बस्ती के सभी मंदिरों एवं देवालयों के लिए प्रसाद एवं फूलमाला की व्यवस्था होगी। इसके लिए पत्रक छपाने का निर्णय लिया गया। आयोजन समिति की ओर से टेकराम सेन एवं विजय चंद्राकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिंदू सम्मेलन समाहित होगा। बस्ती के सभी पार्षदों सहित शहर के गणमान्यों को आमंत्रित किया जाएगा। शाम 6 बजे सभी घरों में दीप प्रज्ज्वलन एवं घरों की सजावट के लिए प्रेरित किया जाएगा। पश्चात शाम 7 बजे से स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक के अवसर पर प्रमुख रुप से समिति के अध्यक्ष डीआर सोरी, नीलमणि चंद्राकर, पूर्व पार्षद राहुल चंद्राकर, हिंदू सम्मेलन प्रभारी विजय चंद्राकर, पूर्व पार्षद दिनेश बेहरा, चंद्रशेखर सिंह गौर, राजेश स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष महावीर पवार, पूरन देवांगन, डोमन लाल साहू, दीपक शर्मा, ओमप्रकाश देवांगन, नीलकुमार साहू, हनीश बग्गा सहित पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति की ओर से पूर्व पार्षद दिनेश बेहरा एवं राहुल चंद्राकर ने दी है।

## खबर संक्षेप



### आवारा कुत्तों की आतंक से ग्रामीण दहशत में

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के ग्राम नर्रा में आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीण दशहत में हैं। ग्राम के ग्रामीण दुकालू राम पटेल ने बताया कि आवारा कुत्ते के हमले से पांच से सात लोग घायल हो चुके हैं। ये आवारा कुत्ते गली-मोहल्ले व सड़क किनारे के अलावा होटलों के आसपास मंडराते रहते है। चाहे बुजुर्ग हो या बच्चे को अचानक हमले कर काट रहे है, इससे ग्रामीण दशहत में है। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए नजदीक के खरियार रोड नुआपाड़ा ओडिशा ले जाया गया। वहीं उपस्वास्थ्य केंद्र नर्रा में एंटी-रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। इससे उपचार के लिए खरियार रोड नुआपाड़ा जाना पड़ता है।

### परकोम में मानस गान महोत्सव कल से

**नर्रा।** ग्राम परकोम में दो दिवसीय मानस गान महोत्सव 13 व 14 को आयोजित किया गया है। जिसमें आमंत्रित मानस मंडली सुमधुर प्रस्तुति देंगे। आयोजक समिति के संरक्षक चिंतामणि चंद्राकर, अध्यक्ष खेमराज पटेल, उपाध्यक्ष ताम्रध्वज ठाकुर, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल पटेल, सचिव भोजराम पटेल आदि ने बताया कि यह मानस गान महोत्सव का 12 वां वर्ष होगा। जिसमें छग के विभिन्न जिले की मानस मंडलियां शामिल होंगी, जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा हुई प्रारंभ

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा का संचालन एक पाली में की जानी है। परीक्षा बोर्ड पैटर्न में आयोजित की गई। समस्त छात्र छात्राएं पूरे तीन घंटे तक उत्तर लिखते रहे। प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने परीक्षा के दौरान समस्त कमरों का बारीकी से निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं से प्रश्नों को अच्छे से समझकर उत्तर लिखने के लिए प्रेरित किया। कमरों में बैठक व्यवस्था बोर्ड परीक्षा प्रभारी व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे, कुलेश्वर सिंह ठाकुर एवं परस राम सिन्हा ने मिलकर किया। परीक्षार्थियों की उपस्थिति 98 प्रतिशत रही। परीक्षा 8 कमरों में संचालित हुई। विद्यालय के समस्त स्टॉफ व्याख्याता आनन्द राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, आशीष कुमार दीवान, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव शामिल रहे।

**जायजा:** सेंट्रल एसी, वाई-फाई कनेक्शन और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा

# कलेक्टर ने सेंट्रल लाइब्रेरी का किया निरीक्षण, शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद के हृदय स्थल में निर्माणाधीन सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार मौजूद थे। कलेक्टर ने इस दौरान उपस्थित कार्यपालन अभियंता गृह निर्माण मंडल, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला ग्रंथपाल एवं अन्य अधिकारियों को ग्रंथालय के समुचित व सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने केंद्रीय ग्रंथालय के संचालन के लिए नयी समिति का गठन के साथ साथ समुचित संचालन के लिए अन्य समितियों जैसे क्रय समिति, प्रचालन समिति, भर्ती समिति आदि के निर्माण के लिए जिला ग्रंथपाल को निर्देश दिए। निर्माणाधीन भवन में केंद्रित एसी की व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए शौचालय की सुविधा, वाई-फाई कनेक्शन, कंप्यूटर कमरा के साथ साथ ग्रंथालय के सुरक्षा के मद्देनजर गार्ड रूम निर्माण की बात कही। समिति में कलेक्टर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। ग्रंथालय का नोडल प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर महासमुंद होंगे। जबकि, अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था, भर्ती जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी समिति के सदस्य सचिव होंगे। साधारण समिति, शिकायत समिति, कार्यकारिणी समिति, वित्तीय समिति आदि के रूप में समितियां गठित की जाएगी। जिसके माध्यम से ग्रंथालय का संचालन किया जाएगा। कलेक्टर ने भवन में अन्य आधारभूत अधोसंरचना के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। ग्रंथालय में साप्ताहिक एवं मासिक पत्र-पत्रिका के अलावा संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, व्यापम के साथ साथ अन्य परीक्षाओ से संबंधित पुस्तकों की खरीद के साथ साथ साहित्यिक किताबों की भी खरीदी समिति के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए पुस्तकों की मांग आधारित सूची का अनुमोदन क्रय समिति से लेकर पुस्तक खरीदी हेतु नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि जिला मुख्यालय में केंद्रीय ग्रंथालय के अतिरिक्त शासकीय जिला ग्रंथालय संचालित है, जिसका संचालन भी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा किया जा रहा है। ग्रंथालय का संचालन आठ-आठ घंटे के दो पालियों में किया जाएगा। सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक प्रातःकालीन स्लॉट जबकि दोपहर दो बजे से रात्रि 10 बजे तक सायंकालीन स्लॉट निर्धारित रहेगी। ग्रंथालय में वाचनालय की भी सुविधा होगी, जो पूर्णतः निशुल्क रहेगा, कोई भी पाठक वाचनालय में दैनिक पत्र-पत्रिका, अखबार आदि का पाठन कर सकेंगे जबकि ग्रंथालय का संचालन केवल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे पंजीकृत विद्यार्थियां के लिए होगी। सदस्यता आदि हेतु नियमावली का निर्धारण साधारण सभा समिति के माध्यम से की जाएगी। ग्रंथालय पूर्णतः स्ववित्तपोषित होगी। भवन के बने 13 दुकानों एवं कैफेटेरिया के किराया से ग्रंथालय का संचालन प्रस्तावित है। साथ ही साथ धरोहर राशि एवं विद्यार्थियों के लिए निर्धारित मासिक शुल्क से ग्रंथालय का संचालन होगा। ग्रंथालय में दो अनुभाग प्रस्तावित है, जिसमें बाल अनुभाग 15 वर्ष आयु के लिए जबकि ग्रंथालय अनुभाग में अन्य समस्त पाठक होंगे। सीनियर सिटीजन एवं स्थानीय साहित्यकार कोना एवं छोटे बच्चों के लिए चिल्ड्रन कॉर्नर का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रंथालय भवन में बने दुकानों को नीलाम करने के लिए एवं मासिक किराया निर्धारित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए हैं।

## परसुलीभाठा से बनियातोरा बहुप्रतीक्षित मार्ग निर्माण के लिए मिली प्रशासकीय

### ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विखं के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित ग्राम बनियातोरा बहुप्रतीक्षित मार्ग का निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर व्याप्त है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से इस गांव के जनपद सदस्य लोचन पटेल के नेतृत्व में परसुली परकोम बनियातोरा चौक में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर किया। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे थे। इस मार्ग निर्माण से परसुली से बनियातोरा मार्ग से बरसात के समय में वहां के लोगों को भारी परेशानी झेलना पड़ता था। दो माह को छोड़कर खलना, पतालघुटकुरी, खट्टी, सेनभाटा, परसुली, भालूकोना, केंदूबाहरा, भैसादाहरा, सिडगिड़ी, पंडरीपानी, झिटकी, कारागुला आदि ग्रामों के मजदूर एवं ग्रामीणजनों को खडियारोड (ओडिशा) आने जाने में सुविधा होगी। समय की बचत भी होगी। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से परमेश्वर पटेल, भोज चक्रधारी, रूपधर साहू, परमेश्वर चौधरी, यादराम सिन्हा, नागेश्वर पटेल, देवेंद्र चक्रधारी, रेखराम चक्रधारी, गुलशन साहू, शेखर साहू के अलावा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। जनपद सदस्य लोचन पटेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद रूपकुमारी चौधरी, प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, जिला अध्यक्ष ऐत राम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिह ठाकुर समेत वरिष्ठ भाजपा के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## महाविद्यालय में फोटो केमेस्ट्री पर व्याख्यान का हुआ आयोजन



**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन में, शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में फोटो केमेस्ट्री विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्त्रोत वक्ता के रूप में अनिता पटेल (सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं प्रभारी प्राचार्य) डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा मंचासीन रहे। विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं पृष्ठभूमि के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ संध्या भोई ने कहा कि योग्यताएं कर्म से पैदा होती हैं। इसलिए विद्यार्थियों को आत्म अनुशासन, संयम एवं कठोर परिश्रम को अपनाते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। स्त्रोत वक्ता अनिता पटेल ने इंटरएक्टिव पैनल के माध्यम से डार्क रिएक्शन, थर्मल रिएक्शन, लॉ ऑफ़ फोटो केमेस्ट्री, प्राइमरी एवं सेकेंडरी प्रोसेस तथा क्वांटम दक्षता के बारे में बताया। विद्यार्थियों के जिज्ञासा एवं शंकाओं के परिपेक्ष्य में सारगर्भित टिप्स दी गई। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू एवं एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन पीतांबर बाघ तथा आभार प्रदर्शन अनिल गुप्ता ने किया।



## चिरको कॉलेज का नामकरण डा. हरिहर सिंह ध्रुव के नाम पर हो

**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र ग्राम खट्टा में समाजवादी नेता डॉक्टर हरिहर सिंह ध्रुव की पुण्यस्मृति एवं मड़ाई मेला में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। उन्होंने डॉक्टर ध्रुव के कार्यों को याद कर उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करें। वे किसानों और गरीबों की लड़ाई के लिए जमीनी राजनीति में सक्रिय हो गए और खुद को सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष में समर्पित कर दिया। इस आयोजन का सत्तगति देने डॉक्टर साहब के विचारों से जुड़े अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों का बहुत अच्छी परंपरा है, जीवन के भाग दौड़ में कहीं भी कार्य करें, पर अपने महापुरुषों आदर्श के विचारों को साझा करने प्रतिवर्ष इकट्ठा होते हैं, निश्चित यह हमारे युवा पीढ़ी को अपने पूर्वजों को जानने और गौरवांवित होने का अवसर प्राप्त होता है। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने चिरको कॉलेज का नामकरण डॉक्टर हरिहर सिंह ध्रुव के नाम पर करने की मांग शासन-प्रशासन से की है। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच राजकमल पटेल, कुमार नायक, रामस्वरूप, दीवान पुरुषोत्तम, घनश्याम दीवान, प्रेम दीवान, रोहित बघेल, राहुल साहू, रवि तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय नवोदय चयन परीक्षा के लिए पिथौरा में एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



संस्कृतिक भवन पिथौरा में जिला स्तरीय नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे के मार्गदर्शन, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पूर्णानंद मिश्रा के कुशल संचालन तथा जिले के शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारियों के सहयोग से हुआ। कार्यशाला में जिले के प्रत्येक विकासखंड से चयनित 20-20 प्रतिभागी बच्चों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला में बच्चों को नवोदय परीक्षा के स्वरूप मानसिक योग्यता, गणित एवं भाषा विषयों से संबंधित कुल 100 अंकों के 80 प्रश्नों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षकों की टीम डॉ. वीरेंद्र कर, रिंकल बग्गा, लुकेश ध्रुव और घनश्याम यादव ने आकर्षक एवं सरल शैली में कम समय में प्रश्नों को हल करने की तकनीकें, गलतियों को कम करने के उपाय तथा उचित समय प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। साथ ही ओएमआर शीट को सही ढंग से भरने के महत्वपूर्ण निर्देश भी प्रदान किए गए। कार्यशाला को वर्चुअली संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने बच्चों को परीक्षा की पूर्ण तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्र तक पहुंचने से लेकर परीक्षा के दौरान की जाने वाली सावधानियों पर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया। डीईओ लहरे ने कहा कि यह कार्यशाला बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करेगी और उन्हें चयन परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पूर्णानंद मिश्रा ने बताया कि नवोदय जैसी प्रतियोगी परीक्षा में कभी-कभी मात्र एक अंक चयन और अप चयन के बीच का अंतर बन जाता है। इसलिए यह कार्यशाला बच्चों के लिए अत्यंत सार्थक सिद्ध होगी। पूरे दिन चले प्रशिक्षण सत्र के दौरान बच्चे उत्साहित और सीखने के लिए तत्पर दिखाई दिए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मिश्रा ने अपनी बेटी अर्चिता मिश्रा के जन्मदिन पर उपस्थित बच्चों एवं पालकों को मिठाई और आंशिक नेवता भोज करवाकर आनंद साझा किया, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशियां झलक उठीं। कार्यशाला को सफल बनाने में स्थानीय बीआरसीसी नरेश पटेल का विशेष योगदान रहा।

## मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण हरिद्वार में हुआ आयोजन

**महासमुंद।** 5 दिसंबर से 10 दिसंबर तक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ से 150 प्रशिक्षार्थी सहित देश के 500 प्रशिक्षार्थी ने हिस्सा लिया। महासमुंद जिले के 5 सहयोग योग शिक्षकों मनकूराम रौतिया, केशव देवांगन, राजेंद्र वर्मा, संदीप पटले, बसंत साहू ने इस शिविर में भाग लेकर सफलतापूर्वक मुख्य योग शिक्षक की परीक्षा पास कर महासमुंद जिले को गौरवान्वित किया। साथ ही महासमुंद जिले के सक्रिय कार्यकर्ता मनकूराम रौतिया ने पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का आजीवन सदस्य बनकर महासमुंद जिले का मान बढ़ाया। स्वामी रामदेव के अनुसार छत्तीसगढ़ योग में निरंतर आगे बढ़ रहा है तथा जिस प्रकार से महासमुंद जिले में योग व महासमुंद जिले के योगी राज्य सहकारी तिलक साहू द्वारा संगठन को मजबूत किया जा रहा है, जिससे महासमुंद निरंतर योग में आगे बढ़ रहा है। स्वामी ने सभी को शुभकामनाएं व भविष्य में महासमुंद जिले में एक बड़ा योग शिविर करने का आश्वासन दिया है। शिविर के अंतिम सत्र के पश्चात केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव की अध्यक्षता में विशेष बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में महासमुंद सहित पूरे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में विशाल योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



## जनपद महासमुंद एवं बागबाहरा को उत्कृष्ट आवास पूर्णता कार्य के लिए किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने में जनपद पंचायत महासमुंद और जनपद पंचायत बागबाहरा ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिला पंचायत महासमुंद में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार द्वारा दोनों जनपदों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान दोनों जनपदों द्वारा आवास पूर्णता में प्रदर्शित बेहतर प्रबंधन, सतत निगरानी, पारदर्शिता तथा लाभार्थियों तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर सीईओ नंदनवार ने कहा कि जनपद महासमुंद और बागबाहरा ने आवास निर्माण कार्यों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए जिले के लिए एक उत्कृष्ट कार्य प्रस्तुत किया है। उन्होंने टीम भावना, फील्ड मॉनिटरिंग, गुणवत्तापूर्ण निर्माण तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की सराहना की।

# कॉलेज में वित्तीय साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य करुणा दुबे एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य अजय कुमार राजा के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में नवीन तिवारी प्रबंधक आरबीआई रायपुर एवं ओमप्रकाश पटेल एफएलसी बैंक ऑफ बडौदा महासमुंद रहे। स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य ने वित्तीय साक्षरता द्वारा धोखाधड़ी से किस प्रकार अपने आप को बचाये इसके बारे में जानकारी प्रदान की। ओमप्रकाश पटेल ने बजट संबंधी जानकारी, बचत करने के तरीको सहित खर्चों पर नियंत्रण के लिए एक बजट डायरी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। नवीन तिवारी द्वारा करो सही शुरुवात, बनो फाइनेंशली स्मार्ट के थीम पर वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता पर पीपीटी के माध्यम से रुचिकर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने आरबीआई की सामान्य जानकारी देते हुए आरबीआई के विभिन्न कार्यों पर चर्चा की तथा बजट के माध्यम से खर्चों पर नियंत्रण करने के लिए प्रेरित किया। जिससे बचत में वृद्धि हो सके। जिसमें बताया गया कि पहले आय में से खर्च करने के बाद बची राशि को बचत करते थे। किंतु, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जरुरी हैं कि आय में से पहले निश्चित बचत कर शेष राशि द्वारा खर्चो को समायोजित किया जाना चाहिए। किए गए बचत को निवेश किये जाने के संबंध में विभिन्न निवेश के विकल्पों जैसे एफडी, आरडी, सरकारी बॉन्ड, म्यूचुअल फंड, गोल्ड, शेयर बाजार आदि की जानकारी सविस्तार दी। साथ ही यूपीआई भुगतान, साइबर अपराध के अंतर्गत मनी लांड्रिंग, डिजिटल अरेस्ट, धोखाधड़ी आदि की जानकारी दी। असली नोट की पहचान के लिए 12 संकेतक के बारे में भी बताया। पश्चात छात्र-छात्राओं को शिक्षा ऋण के लिए पात्रता, आवश्यक दस्तावेज की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी, सहायक प्राध्यापक मनबोध चौहान, मनीषा प्रधान, डॉ.जीवन लाल चंद्राकर, परवीन नजीब, विजय मिर्चे, डॉ.भूपेश पात्र, डॉ. गरिमा दीवान, डॉ. कलमरेखा, डॉ. प्रिया बारीक, मृणाली चंद्राकर, सिवानी तावेरकर, रेणुका साहू, ममता साहू, कल्याणी साहू, गेश्वर सिंह दीवाना छात्रावास अधीक्षक, पंकज डहरिया, रोहित ढीमर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं आभार प्रदर्शन डा. रीता पांडेय विभागाध्यक्ष कला संकाय द्वारा किया गया।

